## मुख्यमंत्री 17 .13 करोड़ के निर्माण कार्यों का करेंगे लोकार्पण



नवभारत न्यूज

**रीवा, 30 जनवरी, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव 31 जनवरी को एक दिवसीय प्रवास पर रीवा आ रहे हैं. मुख्यमंत्री डॉ यादव गुढ़ विधानसभा क्षेत्र में भैरवनाथ मंदिर का लोकार्पण करेंगे. मुख्यमंत्री मंदिर के समीप आयोजित जनसभा में 17 करोड़ 13 लाख रुपए की लागत के चार निर्माण कार्यों का लोकार्पण करेंगे.**

मुख्यमंत्री मध्यप्रदेश गृह निर्माण अधोसंरचना मद से भैरव मंदिर निर्माण लागत एक करोड़ 80 लाख रुपए तथा सामुदायिक भवन, प्रवेश द्वार, बाउन्ड्रीवाल, पाथवे एवं अन्य निर्माण कार्य लागत 39 लाख रुपए का लोकार्पण करेंगे. समारोह में रायपुर कर्चुलियान में 2.99 करोड़ रुपए की लागत से बनाए गए विश्राम गृह और दो आवास गृहों का भी लोकार्पण होगा. मुख्यमंत्री लोक निर्माण विभाग द्वारा 4.35 करोड़ रुपए की लागत से टीकर-सुपिया मार्ग तथा औद्योगिक विकास निगम द्वारा 7.60 करोड़ रुपए की लागत से बनाए गए औद्योगिक क्षेत्र गुढ़ के दूसरे चरण का लोकार्पण करेंगे. इन कार्यों से गुढ़ विधानसभा क्षेत्र के विकास को गति मिलेगी.

# मावठा की बूंदाबांदी के बाद कोहरा और बढ़ी गलन भरी ठंड

### पांच दिन बाद फिर तापमान पहुंचा 7 .8 डिग्री, दिन भर चलती रहीं ठंडी हवाएं

नवभारत न्यूज

**रीवा, 30 जनवरी, ठंड के विदा होने के पहले एक बार फिर गलन भरी ठंड बढ़ गई है. मावठा की बारिश के बाद जहा घना कोहरा हो रहा है वही गलन भरी ठंड बढ़ गई है. शुक्रवार को दिन भर ठंड हवाएं चलती रही और गलन भरी ठंड बनी रही. अन्य दिनो के अपेक्षा न्यूनतम तापमान 7.8 डिग्री पहुंच गया. जबकि दिन के अधिकतम तापमान में भी गिरावट दर्ज की गई. 20.2 डिग्री दिन का अधिकतम तापमान था जो सामान्य से कम था. लिहाजा दिन भर ठंड बनी रही.**



गौरतलब है कि पांच दिन पूर्व लगा था कि ठंड की विदाई हो गई है और तापमान 14 डिग्री पहुंच गया था. लेकिन रिमझिम बारिश के बाद ठंड पलटी और पिछले दो दिन से गलन भरी ठंड पड़ रही है. बुधवार के तड़के जिले में कई जगह बारिश हुई थी और कुछ जगह बूंदाबांदी थी. तीन दिन से लगातार घना कोहरा पड़ रहा है शुक्रवार की सुबह 9 बजे तक घना कोहरा रहा और 10 बजे सूर्यदेव के दर्शन हुए. लोगो को लगा था कि ठंड चली गई है पर ठंड ने पलटी मारते हुए एक बार फिर सभी को कपकपा दिया. सुबह घने कोहरे के साथ इस समय ओस पड़ रही है. मौसम विभाग ने ओलावृष्टि की संभावना जताई है साथ ही ठंड का असर अभी कई दिनो तक रहेगा. अगर फिर बूंदाबांदी होती है तो ठंड के साथ तापमान में गिरावट आएगी. इसके बाद तीन से चार डिग्री तापमान में उछाल आएगा और ठंड से राहत मिलने की उम्मीद है. वैसे भी मध्य फरवरी से ठंड का असर कम हो जाता है. अगर उत्तर भारत में बर्फबारी होगी तो ठंड बढ़ेगी. हालाकि दिन की ठंड मध्य फरवरी से कम हो जाती है. लेकिन रात में हल्की ठंड बनी रहती है. पश्चिमी विक्षोभ के चलते बारिश और बूंदाबांदी हुई है, हालाकि फसलो को कोई खास फायदा और नुकसान नही हुआ. इस समय अगर बारिश होती है तो केवल गेंहू की फसल को फायदा पहुंचेगा जबकि दलहनी फसल को नुकसान होगा. जिस तरह से अभी कड़ाके की ठंड पड़ रही है उससे फसलो को फायदा ही होगा. इस बार जिले में अक्टूबर तक बारिश होने के कारण गेंहू की फसल लेट बोई गई है. जिस तरह से ठंड का मौसम है उससे गेंहू की फसल को लाभ होगा.

### न्यूनतम तापमान में आई गिरावट

तापमान में तेजी से गिरावट आई है बुधवार को जहा न्यूनतम तापमान 17 .3 डिग्री रहा. वही दूसरी दिन 12 डिग्री दर्ज किया गया. जबकि तीसरे दिन सीधे उछल कर 7 .8 डिग्री न्यूनतम तापमान पहुंच गया. जबकि अधिकतम तापमान 20 .2 डिग्री रहा. इसके पहले गुरूवार को 21 .2 डिग्री दर्ज किया गया था और बुधवार को अधिकतम तापमान 24 .3 डिग्री था. पिछले तीन दिन में तेजी से तापमान में परिवर्तन देखने को मिला.

### प्राचीन शिवधाम 'भैरवलोक' का लोकार्पण आज



गुढ़ विधायक नागेन्द्र सिंह ने बताया कि गुढ़ विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत कैमोर पहाड़ श्रृंखला में स्थित प्राचीन शिवधाम 'भैरवलोक' का भव्य मंदिर निर्माण पूर्ण हो गया है. शनिवार को दोपहर 12 बजे वैदिक मंत्रोच्चार एवं धार्मिक अनुष्ठानों के साथ मंदिर का अभिषेक एवं लोकार्पण होगा. इस अवसर पर मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव अपने कर-कमलों से मंदिर का लोकार्पण करेंगे. लगभग डेढ़ हजार वर्ष प्राचीन भैरवनाथ की विशाल प्रतिमा आस्था का प्रमुख केंद्र रही है, जिसे पुरातत्व एवं पर्यटन विभाग द्वारा संरक्षित स्मारक का दर्जा प्राप्त है .गुढ़ विधायक नागेंद्र सिंह ने क्षेत्रवासियों एवं शिवभक्तों से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर इस ऐतिहासिक आयोजन को सफल बनाएं.

## संकल्प से समाधान अभियान में अब तक 28808 आवेदन पत्र दर्ज

नवभारत न्यूज

**रीवा, 30 जनवरी, आमजनता के आवेदन पत्रों का निराकरण करने तथा विकास योजनाओं की पात्रता के अनुसार आवेदन पत्र भरवाने के लिए संकल्प से समाधान अभियान चलाया जा रहा है.**

जिले भर में यह अभियान 12 जनवरी से 31 मार्च तक चार चरणों में चलाया जा रहा है. इस संबंध में कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने बताया कि अब तक संकल्प से समाधान शिविरों में आमजनता से 28808 आवेदन पत्र प्राप्त हुए हैं. इनमें से 14845 आवेदन पत्रों को स्वीकृत किया गया है. विभिन्न कारणों से 641 आवेदन पत्र अस्वीकृत किए गए हैं. शेष लंबित आवेदन पत्रों के निराकरण की कार्यवाही की जा रही है. ग्रामीण क्षेत्र में लगाए जा रहे शिविरों में विकासखण्ड जवा में 2324, विकासखण्ड रीवा में 9071, विकासखण्ड सिरमौर में 5065, विकासखण्ड गंगेव में 6253, विकासखण्ड त्योंथर में 2575 तथा विकासखण्ड रायपुर कर्चुलियान में 1530 आवदेन पत्र दर्ज हुए हैं. शहरी क्षेत्रों में नगर निगम रीवा में 1497, नगर परिषद बैकुण्ठपुर में 28, नगर परिषद चाकघाट में 119, नगर परिषद डभौरा में 91, नगर परिषद त्योंथर में 72, नगर परिषद गुढ़ में 79, नगर परिषद मनगवां 9, नगर परिषद गोविंदगढ़ 10, सेमरिया 29 तथा नगर परिषद सिरमौर में 56 आवेदन पत्र दर्ज किए गए हैं.

## नोडल अधिकारी शामिल हुए शिविर में

नवभारत न्यूज

**रीवा, 30 जनवरी, संभाग के सभी जिलों में 12 जनवरी से संकल्प से समाधान अभियान के तहत शिविर लगाए जा रहे हैं.**

कमिश्नर बीएस जामोद द्वारा शिविरों की मॉनीटरिंग के लिए संभागीय अधिकारियों को नोडल के रूप में तैनात किया गया है. सीधी और सिंगरौली जिले के नोडल अधिकारी अधीक्षण यंत्री पीएचई महेन्द्र सिंह सिंगरौली जिले के देवसर ब्लॉक में ग्राम चरकी में आयोजित शिविर में शामिल हुए. श्री सिंह ने बताया कि शिविर में शासन की सभी प्रमुख योजनाओं की जानकारी दी गई. शिविर में आमजनता से 44 आवेदन पत्र प्राप्त हुए. इनमें संबल योजना का लाभ देने के लिए 17, सामाजिक सुरक्षा पेंशन तथा वृद्धावस्था पेंशन के 22 तथा बीपीएल सूची में नाम शामिल करने के 5 आवेदन पत्र प्राप्त हुए.

### संक्षिप्त



#### राजेन्द्र शुक्ल ने निर्माणाधीन आवासों का किया निरीक्षण

**रीवा,** उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने चिरहुला कॉलोनी में हाउसिंग बोर्ड द्वारा बनाये जा रहे 165 शासकीय आवासों का निरीक्षण किया. उन्होंने निर्माण एजेंसी को निर्देश दिये कि पूरी गुणवत्ता के साथ समय सीमा में निर्माण कार्य पूर्ण करायें. श्री शुक्ल ने कहा कि शासकीय आवासों के बन जाने से अधिकारियों और कर्मचारियों की आवास संबंधी समस्या का स्थाई तौर पर निराकरण हो जायेगा. उल्लेखनीय है कि 40 करोड़ रूपये की लागत से एक डी टाइप ड्यूपलेक्स, चार ई टाइप ड्युपलेक्स, 16 एफ टाइप पी प्लस 4 के साथ ही 48-48 जी, एच व आई टाइप पी प्लस 6 आवासों का निर्माण किया जा रहा है.

#### गीताजंलि पब्लिक स्कूल मनाया गया शहीद दिवस

**रीवा,** विगत वर्षो की भाँति इस वर्ष भी 30 जनवरी को राष्ट्रपिता महात्मागांधी की पुन्यतिथि को शहीद दिवस के रूप में मनाया गया. कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संस्थापक शिवप्रसाद प्रधान, श्रीमती अरूणा प्रधान रहीं. कार्यक्रम का शुभारंभ गाँधी जी के प्रिय गीत वैष्णव जन तो तेंणे कहिए' के साथ बापू जी की प्रतिमा में माल्यार्पण के साथ हुआ. विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा बापू के याद में विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमो की प्रस्तुति दी गई. छात्रों द्वारा गाँधी जी के विचारों पर भाषण एवं देश भक्ति से ओत-प्रोत विचार प्रस्तुत किए. मुख्य अतिथि ने राष्ट्रपिता महात्मागाँधी को याद करते हुए सत्य, अहिंसा, सादगी और राष्ट्रसेवा के आदर्शों पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों से उनके आदशों को अपने जीवन में अपनाने एवं मार्ग पर चलने को कहा गया. कार्यक्रम का अंत गाँधी जी के प्रिय किर्तन रघुपति राघव राजा राम के गायन के साथ किया गया.




#### सफाई मित्रों को सम्मान प्रमाण पत्र

**रीवा,** स्वच्छता ही सेवा 2025 के तहत निगम आयुक्त के निर्देश पर अपने वार्ड की सफाई व्यवस्था एवं स्वच्छता के कार्यस्थल में उत्कृष्ट कार्य करने वाले सफाई मित्रों को सफाई मित्र सेवा सम्मान प्रमाण पत्र वितरित किया गया. इस दौरान जोन क्रमांक 01 के 8 सफाई मित्रों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया. इस सम्मान समारोह में स्वास्थ्य अधिकारी सचिन द्विवेदी, सहायक नोडल एसबीएम अपूर्वा चतुर्वेदी, स्वच्छता निरीक्षक प्रकाश शर्मा, आईईसी प्रोजेक्ट हेड विवेक परमार, आईसी टीम लीडर अवनीश शुक्ला, वॉर्ड दरोगा एवं सफाई मित्र उपस्थित रहे.

#### बीएलबीसी बैठकों की तिथियां निर्धारित

**रीवा,** विकासखण्ड स्तर पर आयोजित होने वाली बीएलबीसी बैठकों की तिथियाँ निर्धारित कर दी गयी हैं. अग्रणी जिला प्रबंधक जगमोहन ने बताया कि रायपुर कर्चुलियान में 2 फरवरी को, सिरमौर में 3 फरवरी को, जवा में 4 फरवरी को, गंगेव में 9 फरवरी को, रीवा में 10 फरवरी को तथा त्योंथर में 11 फरवरी को बीएलबीसी बैठक होंगी. जनपद पंचायत कार्यालय में आयोजित बैठकों में बैंकर्स के साथ विभागीय अधिकारियों से उपस्थिति की अपेक्षा की गयी है.




अवधेश प्रताप सिंह विवि में कांफ्रेंस को सम्बोधित करते राजेन्द्र शुक्ला

## राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि शहीद दिवस के रूप में मनाई गई

नवभारत न्यूज

**रीवा, 30 जनवरी, राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि संभाग के सभी जिलों में शहीद दिवस के रूप में मनाई गई.**



सभी कार्यालयों में सुबह 11 बजे दो मिनट का मौन रखकर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं देश पर प्राण न्योछावर करने वाले शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई. नवीन सर्किट हाउस में आयोजित बैठक में रीवा संभाग के कमिश्नर बीएस जामोद ने दो मिनट का मौन रखकर शहीदों को श्रद्धासुमन अर्पित किए. कार्यक्रम में कलेक्टर सीधी स्वरोचिष सोमवंशी, कलेक्टर सिंगरौली गौरव बैनल, अपर कलेक्टर रीवा श्रीमती सपना त्रिपाठी, एसडीएम सिरमौर दृष्टि जायसवाल तथा अन्य अधिकारियों ने भी शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की. इसी तरह राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि 30 जनवरी को जिले में शहीद दिवस के रूप में मनाई गई. सभी शासकीय कार्यालयों में सुबह 11 बजे दो मिनट का मौन रखकर शहीदों का नमन किया गया.

कलेक्ट्रेट में डिप्टी कलेक्टर सुधीर बेक, डिप्टी कलेक्टर सुरभि जैन सहित कलेक्ट्रेट के कर्मचारियों ने दो मिनट का मौन रखकर शहीदों को श्रद्धांजलि दी.

## अनुसंधान आधारित विकास ही लाभप्रद है : राजेन्द्र शुक्ल

नवभारत न्यूज

**रीवा, 30 जनवरी, प्रबंधन और वाणिज्य में नवीन अनुसंधान और सतत विकास विषय पर अन्तर्राष्ट्रीय कांफ्रेंस का शुभारंभ करते हुए उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि अनुसंधान आधारित विकास लाभप्रद है.**

हमें अपनी सनातन संस्कृति और मूल्यों से जुड़े रहकर विकास करना होगा. अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय के एमबीए विभाग द्वारा पं. शम्भूनाथ शुक्ल सभागार में आयोजित अन्तर्राष्ट्रीय कांफ्रेंस में उप मुख्यमंत्री ने कहा कि आर्थिक तरक्की के लिये भारतीय मूल्यों को दाव पर न लगायें. युवाओं का दायित्व है कि वह नवाचार करें, अनुसंधान करें तथा सतत विकास की ओर ले जाने के लिये आगे आयें. श्री शुक्ल ने कहा कि हमें अपनी भारतीय ज्ञान परंपरा से हटकर कार्य नहीं करना चाहिए यदि हम रास्ते से भटके तो इसके गंभीर परिणाम होंगे. प्राकृतिक खेती अनुसंधान से ही निकला ज्ञान है जिसके माध्यम से हम अपने और परिवार के साथ ही धरती को स्वस्थ रख पायेंगे. इस अवसर पर प्रभारी कुलगरू प्रो. सुनील तिवारी ने कहा कि सतत विकास ही सनातन की परिकल्पना है. लगातार हो रहे वर्ग संघर्ष के इस दौर में मानवता को संरक्षित रखने की आवश्यकता है. इससे पूर्व कार्यक्रम के आयोजक विभागाध्यक्ष एमबीए विभाग डॉ. अतुल पाण्डेय ने अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि देश की प्राचीन परंपरा को कायम रखते हुए सतत विकास के मार्ग पर अग्रसर होना चाहिए. हमने कोविडकाल में विश्व को अपनी क्षमता से परिचित कराया. इस अन्तर्राष्ट्रीय कांफ्रेंस में 110 रिसर्स स्कालर उपस्थित है तथा 85 ऑनलाइन जुड़ेंगे. इस दौरान 100 से अधिक शोध पत्रों का प्रस्तुतीकरण होगा. कुलसचिव आदि मौजूद रहे.

## केन्द्रीय जेल में मनाया गया शहीद दिवस

नवभारत न्यूज

**रीवा, 30 जनवरी, केन्द्रीय जेल रीवा में 'शहीद दिवस' के अवसर पर जेल में पदस्थ समस्त अधिकारी/कर्मचारी तथा परिरुद्ध बंदियों द्वारा दो मिनट का मौन रखकर देश की आजादी और समृद्धि के लिए अपना सर्वोच्च बलिदान देने वाले वीरों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई.**

सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग के निर्देशानुसार 'मद्य निषेध संकल्प दिवस' के अवसर पर तम्बाकू के सेवन की रोकथाम हेतु जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया. जागरूकता कार्यक्रम में जेल में परिरुद्ध बंदियों को नशा से होने वाले दुष्प्रभाव के संबंध में अवगत कराकर तम्बाकू एवं तम्बाकू से निर्मित उत्पादों का सेवन न करने का संकल्प दिलाया गया. कार्यक्रम में जेल अधीक्षक सतीश कुमार उपाध्याय, उप जेल अधीक्षक संजीव कुमार गेंदल, आदि मौजूद रहे.




## चित्रांगन फ़ेस्टिवल के तीसरे दिन 'मस्तमौला' नाटक का मंचन

नवभारत न्यूज

**रीवा, 30 जनवरी, विंध्य की सांस्कृतिक चेतना का उत्सव 'चित्रांगन अंतरराष्ट्रीय फ़िल्म एवं थिएटर फ़ेस्टिवल' अपने तीसरे दिन एक नए शिखर पर पहुँच गया. शुक्रवार को जहाँ दोपहर के सत्र में बॉलीवुड की बारीकियों पर गंभीर विमर्श हुआ.**

वहीं शाम की बेला में स्थानीय कलाकारों की ऊर्जा ने कृष्णा राज कपूर ऑडिटोरियम को तालियों की गड़गड़ाहट से भर दिया. दोपहर के विशेष चर्चा सत्र में बॉलीवुड के दिग्गज अभिनेता विनीत कुमार और मध्य प्रदेश नाट्य विद्यालय के निदेशक संजय श्रीवास्तव मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे. इस सत्र में बड़ी संख्या में प्रशिक्षु कलाकारों, विद्यार्थियों और सिनेमा प्रेमियों ने हिस्सा लिया. फ़िल्म स्क्रीनिंग का आकर्षण - गीत सूरी एवं स्थानीय कलाकारों द्वारा निर्मित फिल्म की लॉन्चिंग एवं स्क्रीनिंग भी तृतीय दिवस हुई.

महोत्सव की तीसरी शाम रंग उत्सव नाट्य समिति, रीवा के नाम रही, जयवर्धन द्वारा लिखित और युवा निर्देशक अंकित मिश्रा द्वारा निर्देशित नाटक 'मस्तमौला' का मंचन किया गया. नाटक 'मस्तमौला' अपने नाम के अनुरूप ही बेफिक्री, मानवीय जिजीविषा और सामाजिक विडंबनाओं को समेटे हुए था. स्थानीय कलाकारों ने अपनी सधी हुई अदाकारी से यह साबित कर दिया कि विंध्य की प्रतिभा किसी भी अंतरराष्ट्रीय मंच के समकक्ष खड़ी हो सकती है.

## देवतालाब में वाहन आमंत्रण रैली कल

**रीवा, 30 जनवरी,** महाशिवरात्रि पर्व के अवसर पर विगत वर्षो की भांति इस वर्ष भी शिव बारात आयोजन एवं जनकल्याण समिति द्वारा 15 फरवरी 2026 को भगवान भोलेनाथ की भव्य बारात व्यंकट रोड़ रीवा स्थित बैजू धर्मशाला से प्रात:काल 9.00 बजे निकाली जावेगी जो कि नगर भ्रमण करती हुई पचमंठ आश्रम पहुँचेगी जहां पर शिव-पार्वती का विवाह कार्यक्रम विधि विधान के साथ सम्पन्न होगा तथा पचमठा आश्रम में दोपहर 1.00 बजे से सांयकाल 5.00 बजे तक भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं विशाल भण्डारा का आयोजन किया गया है. उक्त कार्यक्रम में देवतालाब स्थित भगवान भोलेनाथ (श्रृंगेश्वरनाथ महादेव) को आमंत्रित करने के लिए एक फरवरी रविवार को प्रात: काल 10 बजे स्थानीय बैजू धर्मशाला के प्रांगण से श्रृंगेश्वरनाथ (देवतालाब) फोर व्हीलर वाहन आमंत्रण रैली निकाली जावेगी जो कि बैजू धर्मशाला से प्रारंभ होकर जयस्तंभ चौक, कॉलेज चौराहा, सिरमौर चौराहा, नया बस स्टैण्ड, रतहरा बाईपास होते हुए देवतालाब पहुंचेगी.

## एसके गर्ग व रावेंद्र सिंह को सम्मान के साथ दी गई विदाई

नवभारत न्यूज

**रीवा, 30 जनवरी, नगर पालिक निगम रीवा में सहायक यंत्री एसके गर्ग एवं सहायक राजस्व अधिकारी रावेंद्र सिंह की अर्धवार्षिकी सेवा पूरी होने पर विदाई समारोह का आयोजन नगर निगम के परिषद सभागार में किया गया.**



इस अवसर पर महापौर अजय मिश्रा ''बाबा'', अध्यक्ष व्यंकटेश पांडे एवं प्रभारी निगम आयुक्त मेहताब सिंह गुर्जर द्वारा सेवानिवृत्त हो रहे अधिकारियों को शॉल एवं श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया. महापौर अजय मिश्रा ''बाबा'' ने सेवानिवृत्त हो रहे अधिकारियों को शुभकामनाएँ दीं. उन्होंने कहा कि सेवानिवृत्ति के पश्चात भी जब कोई अधिकारी कार्यालय आता है और उसे सम्मान प्राप्त होता है, तो वही उसकी वर्षों की सेवा की वास्तविक उपलब्धि होती है.

उन्होंने एसके गर्ग एवं रावेंद्र सिंह के साथ अपने आत्मीय संबंधों को स्मरण करते हुए कहा कि इन अधिकारियों ने जनता एवं जनप्रतिनिधियों के बीच संतुलन बनाते हुए निष्पक्षता एवं ईमानदारी से कार्य किया. नगर निगम अध्यक्ष व्यंकटेश पांडे ने भावुक शब्दों में कहा कि श्री गर्ग, श्री सिंह एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साथ उनका दशकों पुराना पारिवारिक एवं कार्यात्मक संबंध रहा है. उन्होंने कहा कि नगर निगम एक सहयोगात्मक व्यवस्था से चलता है, जहाँ नियमों के साथ-साथ मानवीय दृष्टिकोण भी आवश्यक होता है. प्रभारी निगम आयुक्त मेहताब सिंह गुर्जर ने अपने उद्बोधन में कहा कि नगर निगम जैसे चुनौतीपूर्ण विभाग में 30 से 40 वर्षों तक सेवा देना अपने आप में एक बड़ी उपलब्धि है. कार्यक्रम में नेता प्रतिपक्ष दीनानाथ वर्मा, एमआईसी सदस्य रवि तिवारी, श्रीमती ज्योति प्रदीप सिंह, गंगा यादव, श्रीमती वंदना सिंह, श्रीमती पूजा सिंह, संजय खान, अशोक पटेल, सतीष सिंह एवं अधिकारी मौजूद रहे.

### सेवानिवृत्ति अंत नहीं, बल्कि जीवन का एक नया अध्याय है : गर्ग

इस अवसर पर सेवानिवृत्त सहायक यंत्री एसके गर्ग ने अपने सेवाकाल को स्मरण करते हुए कहा कि उनका उद्देश्य सदैव अधिक से अधिक लोगों की समस्याओं का समाधान करना रहा है. उन्होंने युवाओं को संघर्ष, अनुशासन एवं सीखने की भावना के साथ कार्य करने की सीख दी और कहा कि सेवानिवृत्ति अंत नहीं, बल्कि जीवन का एक नया अध्याय है.